**Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India**
**Media and Public Relations Office**

दिनांकः 16/02/2023

**प्रकाशनार्थ**

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सेंट एंड्रूज कॉलेज के बीएड के छात्रों के हितों को संरक्षित करने तथा उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए कुलपति प्रो राजेश सिंह ने एक उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया है।

कुलपति प्रो राजेश सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखा जाएगा तथा जो भी प्रवेश नियमानुसार लिए गए है उन छात्रों की परीक्षा जल्द ही करायी जाएगी।

ज्ञातव्य है कि अल्पसंख्यक महाविद्यालय में भी प्रवेश के बाद सभी पाठ्यक्रमों की तरह बीएड के विद्यार्थियों के प्रवेश का वेरिफिकेशन भी विश्वविद्यालय द्वारा किया जाना होता है। लेकिन सेंट एंड्रूज कॉलेज द्वारा परीक्षा के एक दिन पहले वो रात में बीएड के विद्यार्थियों के प्रवेश की फाइल विश्वविद्यालय को भेजी गयी।

नियमानुसार विद्यार्थियों की कक्षाओं में 75ः उपस्थिति अनिवार्य है। लेकिन महाविद्यालय द्वारा ऐसा सुनिश्चित नहीं किया गया।

इस पूरे प्रकरण को कुलपति ने गंभीरता से लेते हुए जांच समिति का गठन किया है तथा कहा है कि जांच में जो भी दोषी पाए गए उनके खिलाफ कार्यवाही होगी।

Mahendra Kumar Singh
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur